अशासकीय पत्र संख्या–1/245/2017–1/119/2017 प्रथम आवंटन
लखनऊः दिनांकः ३० मई, 2017 अनुदान संख्या–61 (आयोजनेत्तर)
लेखाशीर्षक–3604001960301–28

आहरण एवं वितरण अधिकारी,
पंचायतीराज निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

वित्तीय सलाहकार (बजट) एवं विशेष सचिव, वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–2 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–10/2017/बी–2–906/दस–2017–2/2017 पंचायती राज अनुभाग–3 की पत्रावली सं0–100(15)/2015 टी0सी0, दिनांक 22 मई, 2017 (छायाप्रति संलग्न) में चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017–18 में अनुदान संख्या–61 में प्रदेश की जिला पंचायतों को दी जाने वाली सामान्य समनुदेशन की कुल धनराशि रू0–185250.00 लाख में से लेखानुदान अवधि (अप्रैल, मई, जून, जुलाई एवं अगस्त) के लिये धनराशि रू0 7718750.00 लाख की 5 प्रतिशत (ए0टी0आर0 में उल्लिखित संस्तुति संख्या–55 के अनुसार आडिट अनुशासन हेतु) एवं 0.15 प्रतिशत धनराशि संस्तुति संख्या–23 के अनुसार प्रशिक्षण संस्थान हेतु को छोड़कर 94.85 प्रतिशत धनराशि रू0 73212.34 लाख (रू0 सात सौ बत्तीस करोड़ बारह लाख चौतीस हजार मात्र) संस्तुति संख्या–57 के अनुसार की स्वीकृति जारी की गयी है। उक्त के क्रम में उपनिदेशक जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक उ0प्र0 के पत्रांक 1004/33–सेल/2017, दिनांक 29 मई, 2017 के द्वारा उपलब्ध करायी गयी संलग्न किश्तों की फॉंट के अनुसार जिला पंचायतों को दिये जाने की उक्त शासनादेश दिनांक 22 मई, 2017 में निहित शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन आहरण की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

1– जिला पंचायतों को स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा शासनादेश के साथ संलग्न सूची में इंगित जिले के सम्मुख कालम संख्या–3 में जिला पंचायतों के लिए आवंटित धनराशि के अनुसार **पांच बराबर किश्तों में (प्रथम व द्वितीय किश्त तत्काल तथा शेष 3 किश्ते माह जून, जुलाई व अगस्त, 2017) आहरित कर ई–पेमेंट के द्वारा सीधे जिला पंचायतों के खाते में जमा की जायेगी। शासनादेशानुसार प्रथम व द्वितीय किश्त की धनराशि क्रमशः रू0 14642.468 तथा रू0 14642.468 इस प्रकार कुल रूपया 29284.936 (रूपया दो अरब बानवे करोड़ चौरासी लाख तिरानवे हजार छः सौ मात्र) कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ से आहरित कर ई–पेमेन्ट के द्वारा सीधे जिला पंचायतों के खाते** में जमा की जायेगी।

2– धनराशि के आहरण के एक सप्ताह के भीतर आहरण की सूचना वाउचर संख्या व दिनांक सहित प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन गठित जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक को प्रेषित की जायेगी जो अपने स्तर से धनराशि के आहरण की संहत सूचना पंचायती राज अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध करायेगें।

3– आवंटित की जा रही धनराशि का उपभोग केवल उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके लिये धनराशि दी जा रही है। इस धनराशि से किसी प्रकार का व्यावर्तन/समायोजन अनुमन्य नहीं होगा।

4— पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, द्वारा आवंटित धनराशियों के नियमानुसार उपयोग की समीक्षा की जायेगी तथा वे इसके समुचित उपयोग के लिये उत्तरदायी होगें।

चालू वित्तीय वर्ष 2017—18 के आय—व्ययक के अनुदान संख्या—61 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक''**3604—स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन—196—जिला परिषदों/जिला स्तरीय पंचायतों को सहायता— 03—राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत समनुदेशन—0301—सामान्य समनुदेशन—28—समनुदेशन**'' के नामे डाला जायेगा।

प्रमाणित किया जाता है कि यह आवंटन निदेशालय के आवंटन रजिस्टर के पृष्ठ संख्या— 92 पर अंकित है।

संलग्न उपरोक्तानुसार।

(विजय किरन आनन्द)
निदेशक,
पंचायती राज, उ0प्र0।

संख्याः—1/245/1/2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0 प्र0 शासन।
2. वित्त, संसाधन(वित्त आयोग) अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. वित्तीय सलाहकार (बजट) एवं विशेष सचिव, वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग—2 उ0प्र0 शासन को संदर्भित पत्र दिनांक 22.05.2017 के क्रम में।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
5. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
6. निदेशक, पंचायतीराज (लेखा) इन्दिरा भवन दसवां तल लखनऊ।
7. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ0प्र0 इलाहाबाद।
8. वरिष्ठ उपमहालेखाकार स्थानीय निकाय(लेखा परीक्षा एवं लेखा), चौथा तल, 15—1, दयानन्द मार्ग, सत्यनिष्ठा भवन, उ0प्र0, इलाहाबाद—21100।
9. उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, जापलिंग रोड, लखनऊ को उनके संदर्भित पत्र दिनांक 29.05.2017 के क्रम में।
10. उपनिदेशक (पंचायत)/नोडल अधिकारी राज्य वित्त आयोग, पंचायती राज निदेशालय, उत्तर प्रदेश।
11. एस0पी0एम0यू0, पंचयतीराज निदेशालय, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आवंटन विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(केशव सिंह)
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी,
पंचायती राज, उ0प्र0।